भगत फूल सिहं महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत)

खुली नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रयुक्त उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्र व अन्य परीक्षा सामग्री जिसका अनुमानित वजन लगभग 80 क्विंटल है, की बिकी हेतु खुली नीलामी दिनांक 21/12/2022 को सुबह 11:00 बजे परीक्षा शाखा में की जायेगी ।

नीलामी के विस्तृत नियम व शर्तें विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.bpswomenuniversity.ac.in पर देखी जा सकती हैं ।

कुलसचिव

Sd/-

भगत फूल सिहं महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां (सोनीपत)

नीलामी के नियम व शर्तें

1. नीलामी जैसा है, जहॉ है के आधार पर होगी ।
2. नीलामी हेतु बोली में भाग लेने के लिए बोली दाता को रूपये 5000/– (पांच हजार रूपये) अग्रिम सुरक्षा राशि के तौर पर नगद बोली लगाने से पूर्व जमा कराने होंगे । यह राशि बोली समाप्त होने पर असफल बोली दाता को वापिस कर दी जायेगी ।
3. सबसे उच्च बोली लगाने वाली फर्म/व्यक्ति के नाम नीलामी छोड़ी जायेगी तथा सफल बोलीदाता को एक सप्ताह के अन्दर नीलामी की पूरी धनराशि जमा करवा कर सामग्री उठानी होगी ।
4. यदि बोलीदाता निर्धारित अवधि के अन्दर नीलामी की सामग्री का उठान नहीं करता है तो उसकी अग्रिम सुरक्षा राशि जब्त कर ली जायेगी तथा नीलामी निरस्त कर दी जायेगी ।
5. केवल उन्हीं व्यक्तियों को बोली में शामिल किया जायेगा जिनके पास वैद्य फोटो युक्त पहचान–पत्र (जैसे – पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसैंस) होगा ।
6. किसी भी प्रकार का टैक्स खर्च या उठान खर्च सफल बोलीदाता को स्वंय वहन करना होगा ।
7. यदि बोली दाता अपनी जिम्मेदारियों पर खरा नहीं उतरता है तो उसे हमेशा के लिए काली सूची में डाल दिया जायेगा ।
8. यदि नीलामी की कोई अन्य शर्त होगी तो उसे बोली स्थल पर ही सुनाया/बताया जायेगा ।
9. कुलसचिव को किसी भी नीलामी को स्वीकार या निरस्त करने का अधिकार होगा ।
10. सभी प्रकार के विवादों का निपटान का क्षेत्राधिकार सोनीपत न्यायालय होगा ।

कुलसचिव

Sd
29/4/22